**Nai Dunia (Indore), 21st August 2013, Page-6**

# आईआईटी बना रहेगा विवि का किराएदार

इंदौर। आईआईटी अभी कम से कम ढाई साल और विवि का किराएदार बना रहेगा। संस्थान ने अपने नए कैंपस के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। कैंपस निर्माण में करीब 600 करोड़ खर्च किए जाएंगे। आईआईटी ने निविदा के साथ ढाई साल में निर्माण पूरा करने की शर्त रखी है।

## 600 करोड़ के निर्माण के टेंडर जारी

2009 में शुरू हुए आईआईटी इंदौर ने विवि से कैंपस किराए पर लेकर कक्षाएं शुरू की थीं। दावा किया जा रहा था कि 2011 में आईआईटी आंशिक निर्माण कर कक्षाएं शुरू कर देगा। इसके बाद आईआईटी ने विवि के साथ किराए का अनुबंध 2013 और फिर 2015 तक के लिए बढ़ा लिया। अब आईआईटी ने सिमरोल में कैंपस के लिए आवंटित जगह पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण कर लिया है। अब कैंपस के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है।

टेंडर प्रक्रिया में देरी नहीं भी हो तो भी किसी भी स्थिति में 2016 से पहले आईआईटी खुद के कैंपस में शिफ्ट नहीं हो सकता। माना जा रहा है कि आईआईटी विवि से और जगह की मांग भी कर सकता है। -नप्र